आर.एन.आई.नं.- MPHIN /2012/64802

E-Mail-parihargarjana@gmail.com

# दैनिक परिहार गर्जना

संस्थापक- स्व.वीर सिंह परिहार चौका

संपादक - रामबाबू सिंह परिहार मो. 9755204916

वर्ष 13 | अंक 164 | छतरपुर, गुरूवार 09 जनवरी 2025 | मूल्य 1.00 रूपये | पृष्ठ 16

## प्रशासनिक निर्णयों में न हो देरी, सभी औपचारिकताएं समय से करें पूर्ण- उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल

### विभागीय भर्ती प्रक्रिया की समीक्षा की



परिहार गर्जना न्यूज। भोपाल। 8 जनवरी। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन आयोग और लोक सेवा आयोग के माध्यम से जारी भर्ती प्रक्रियाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रशासनिक निर्णयों में किसी प्रकार की देरी न हो और सभी औपचारिकताएं समय पर पूर्ण की जाएं। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने आईपीएचएस मानकों के अनुरूप नवीन स्वीकृत पदों, नवीन स्वास्थ्य संस्थाओं और उन्नत स्वास्थ्य संस्थाओं में रिक्तियों की पूर्ति की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि नर्सिंग भर्ती और विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति की प्रक्रिया को तीव्र गति से आगे बढ़ाया जाए, ताकि स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त किया जा सके। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मंत्रालय, भोपाल में स्वास्थ्य विभाग में विभिन्न पदों पर भर्ती प्रक्रिया और पैरामेडिकल काउंसिल की गतिविधियों की वृहद समीक्षा की।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने सीधी भर्ती के साथ-साथ पदोन्नति के पदों पर रिक्तियों को शीघ्र भरने पर विमर्श किया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य संस्थानों के सुचारू संचालन के लिए पर्याप्त मैनपॉवर आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि मानव संसाधनों का सही उपयोग सुनिश्चित कर मरीजों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएं। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने पैरामेडिकल संस्थानों की मान्यता प्रक्रिया की प्रगति की समीक्षा की और नियमानुसार और समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए। बताया गया कि वर्ष 2022-23 के पैरामेडिकल छात्रों की परीक्षाएं पूरी हो चुकी हैं और उनके परिणाम भी जारी कर दिए गए हैं प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा श्री संदीप यादव, आयुक्त स्वास्थ्य श्री तरुण राठी, संचालक स्वास्थ्य श्री दिनेश श्रीवास्तव, संचालक स्थापना श्रीमती मल्लिका नागर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने धुबेला म्यूजियम का किया औचक निरीक्षण

-कैंटीन प्रारंभ कराने और तालाब में वोटिंग शुरू कराने के संबंध में दिए आवश्यक निर्देश

-साल भर में आने वाले देशी विदेशी पर्यटकों की जानकारी ली

**-कलेक्टर ने पर्यटकों को गाइड के द्वारा बेहतर ढंग से जानकारी देने के निर्देश दिए**



छतरपुर। कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने बुधवार को अपने निरीक्षण के क्रम में मऊसहानिया में स्थित धुबेला म्यूजियम का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीएम नौगांव काजोल सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री जैसवाल ने संग्रहालय की सुरक्षा सहित व्यवस्थाओं में लगे कर्मचारियों की जानकारी लेते हुए गाइड को आने वाले देशी विदेशी पर्यटकों को बेहतर तरीके से जानकारी देने के निर्देश दिए। साथ ही एमपीटी द्वारा बनाई गई कैंटीन के संचालन के संबंध में इच्छुक व्यक्तियों से चर्चा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही तालाब में वोटिंग शुरू कराने के संबंध में भी चर्चा की। उन्होंने कहा यहां की स्वच्छता और सुरक्षा का विशेष रूप से ध्यान दिया जाए और आने घूमने आने वाले पर्यटकों को अच्छा वातावरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने संग्रहालय में रखे शिलालेखो को देखा और उनकी प्राचीनता की जानकारी ली। शैवा गैलरी, ललित कलादीर्घा, वैष्णव दीर्घा, चित्रदीर्घा, विनोद दीर्घा, शस्त्र दीर्घा, मस्तानी महल आदि का निरीक्षण किया और म्यूजियम के विकास के प्लान के बारे में भी चर्चा की।

## सड़क दुर्घटनाओं को कम करने आवारा मवेशियों को लगाये जा रहे हैं रेडियम



छतरपुर। सड़क दुर्घटनाओं को कम करने एवं आवारा मवेशियों की सुरक्षा के मद्देनजर एसपी अगम जैन के निर्देश पर यातायात पुलिस के द्वारा रेडियम लगाए जा रहे हैं।

छतरपुर शहर के चौक चौराहों पर सड़कों पर घूम रहीं गाय माता एवं आवारा मवेशियों को यातायात प्रभारी बृहस्पति साकेत के द्वारा रेडियम के पट्टे लगाए जा रहे है। जिससे सड़क दुर्घटना भी कम होगी साथ ही आवारा मवेशियों की भी सुरक्षा रहेगी। यातायात प्रभारी ने लोगों से अपील भी की है और समाजसेवियों से की इस कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की बात कही। वहीं नगर पालिका सीएमओ ने कहा कि हांका दल और पशु दल के माध्यम से मवेशियों को पकड़ा जा रहा है और ठंडी के कारण 25 जगह अलाव की व्यवस्थाएं भी की गई हैं अन्य जगहों पर यदि डिमांड आती है तो और भी जगह व्यवस्थाएं की जाएगी।

## बीसी के माध्यम से डीजीएम ने बैंक समृद्धि से संबोधित दिया मार्गदर्शन



छतरपुर। बुधवार को सहकारी बैंक मुख्यालय छतरपुर में विजेंद्र सिंह डीजीएम नाबार्ड भोपाल एवं उनके साथ डीडीएम नाबार्ड विवेक गुप्ता ने बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आर एस भदौरिया, उपायुक्त कार्यालय से श्री छतरी, श्री खुराना बैंक मुख्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियो की उपस्थिति में सभी शाखाओं के शाखा प्रबंधकों को वीसी के माध्यम से सहकारिता एवं बैंक समृद्धि से संबंधित महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया गया। जिसमें बैंक की स्थिति लाभप्रद हो इस हेतु मध्यकालीन एवं दीर्घकालीन ऋण ज्यादा से ज्यादा वितरित करने एवं समिति कंप्यूटराइजेशन समय अवधि में पूर्ण करने समिति पुनर्गठन इत्यादि के संबंध में महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया गया।



# विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस का आयोजन 15 मार्च को

## उल्लेखनीय कार्य करने वालों को किया जायेगा पुरस्कृत

परिहार गर्जना न्यूज। भोपाल उपभोक्ताओं को उपभोक्ता संरक्षण के क्षेत्र में जागरूक करने की मशा से प्रतिवर्ष 15 मार्च 2025 को विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर उल्लेखनीय कार्य करने वाले स्वैच्छिक उपभोक्ता संगठनों, व्यक्तियों एवं छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करने के लिये पुरस्कार योजनान्तर्गत उत्कृष्ट प्रविष्टियां का चयन किया जाकर राज्य एवं संभाग स्तरीय पुरस्कार प्रदान किया जायेगा।

***1 लाख 11 हजार का राज्य स्तरीय पुरस्कार***

उपभोक्ता संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली संस्था/व्यक्तियों को राज्य स्तरीय पुरस्कार दिया जायेगा। प्रथम पुरस्कार मय प्रशस्ति-पत्र 1 लाख 11 हजार रुपये, ?द्वितीय पुरस्कार मय प्रशस्ति-पत्र 51 हजार रुपये और तृतीय पुरस्कार मय प्रशस्ति-पत्र 25 हजार रूपये का दिया जायेगा।

***संभाग स्तरीय पुरस्कार भी दिया जाएगा***

उपभोक्ता संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले संगठन/व्यक्ति को संभाग स्तरीय पुरस्कार दिया जायेगा। प्रथम पुरस्कार मय प्रशस्ति-पत्र 21 हजार रुपये, ?द्वितीय पुरस्कार मय प्रशस्ति-पत्र 11 हजार रूपये और तृतीय पुरस्कार मय प्रशस्ति-पत्र 5 हजार रूपये का दिया जायेगा।

***यह होगी पुरस्कार हेतु आवेदन की प्रक्रिया एवं शर्त***

राज्य स्तरीय एवं संभाग स्तरीय पुरस्कार के लिये ऐसे स्वैच्छिक उपभोक्ता संगठन व्यक्ति का चयन किया जायेगा जो विशेष रूप से उपभोक्ता हित संरक्षण एवं संवर्धन में संलग्न हो। आवेदक संगठन व्यक्ति द्वारा एक प्रति में आवेदन के मुख्य पृष्ठ पर %राज्य स्तरीय पुरस्कार संभाग स्तरीय वर्ष 2024-25 हेतु% सुस्पष्ट रूप से लिखकर जिला कलेक्टर, जिला आपूर्ति नियन्त्रक अधिकारी को 23 जनवरी 2025 तक प्रस्तुत करना होगा। विलम्ब से प्रस्तुत आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे। संगठन व्यक्ति द्वारा उपभोक्ता संरक्षण के क्षेत्र में कैलेण्डर वर्ष 2024 (1) जनवरी 2024 से 31 दिसबर 2024 के दौरान प्रत्येक माह में की गई गतिविधियों की सप्रमाण विस्तृत विवरण रिपोर्ट संलग्न करना होगा।

# पैदल भ्रमणकर पुलिस स्टाफ के द्वारा रोड पर, नो पार्किंग मे खड़े वाहनों पर चालानी कार्यवाही एवं शाम को खुले में शराब पीने वालों के विरुद्ध कार्यवाही जारी

**पुलिस का यातायात सुधारने के लिए किया पैदल भ्रमणः नो-पार्किंग में खड़े वाहनों पर पुलिस ने की कार्रवाई, 10 चालकों से पुलिस ने वसूला जुर्माना**

परिहार गर्जना न्यूज। बीना।पुलिस का यातायात सुधारने के लिए किया पैदल भ्रमण,नो-पार्किंग में खड़े वाहनों पर पुलिस ने की कार्रवाई,10 चालकों से पुलिस ने वसूला



जुर्माना। उल्लेखनीय है कि बीना पुलिस ने शहर की यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए मंगलवार की रात पैदल भ्रमण किया। इस दौरान थाना प्रभारी अनूप यादव ने नो-पार्किंग में खड़े वाहनों पर जुर्माने की कार्रवाई की। थाना प्रभारी अनूप यादव ने बताया कि नो-पार्किंग और ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है।

शहर की मुख्य सड़कों पर सफेद लाइन के अंदर ही वाहन खड़े करने का नियम है, लेकिन लोग सड़कों पर बेतरतीब तरीके से वाहन खड़ा कर देते हैं। शहर के सर्वोदय चौराहे से गांधी तिराहे तक मंगलवार रात टीम के साथ पैदल भ्रमण किया गया। इस दौरान 10 वाहन चालकों पर चलानी कार्रवाई की गई।

***सफेद लाइन के अंदर रखें अपना वाहन***

बीना थाना प्रभारी अनूप यादव ने बताया कि शहर के मुख्य बाजारों में सड़क के दोनों किनारों पर सफेद रंग की लाइन डाली गई है। वाहन चालकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे इन लाइनों के अंदर ही अपने वाहन खड़े करें। यदि कोई व्यक्ति लाइन के बाहर वाहन खड़ा करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# श्री राम जानकी मंदिर का जीर्णोद्धार कार्य शुरु जल्द मिलेगा नया स्वरुप

**-अब तक 6 लाख खर्च हो चुके अनुमानित राशि 15 लाख है**

**-छतरपुर कलेक्टर पार्थ जायसवाल राजनगर विधायक अरविंद पटेरिया की मंशानुरुप लवकुशनगर एसडीएम राकेश शुक्ला की देखरेख में हो रहा है कायाकल्प का कार्य**

**राकेश सिंह**

परिहार गर्जना न्यूज। लवकुशनगर। शहर के सैकड़ो वर्ष प्राचीन श्री राम जानकी मंदिर का जीर्णोद्धार कार्य शुरू हो गया है। मंदिर को नया स्वरूप देने का कार्य लगातार जारी





है। शासन स्तर पर एवं ट्रस्ट की ओर से अब तक जीर्णोद्धार में करीब 6 लाख की राशि खर्च हो चुकी है अनुमानित राशि 15 लाख रुपए खर्च हैं। छतरपुर कलेक्टर पार्थ जायसवाल की विशेष रुचि और राजनगर विधायक अरविंद पटेरिया के मनसानुरूप एसडीएम लवकुशनगर राकेश शुक्ला के निर्देशन में यह कार्य किया जा रहा है। ट्रस्ट का कहना है कि मंदिर के जीर्णोद्धार में जो भी राशि खर्च होगी उसे खर्च करने में पीछे नहीं होंगे। प्रशासन लगातार देख-रेख कर रहा है।

श्री राम जानकी मंदिर ताल गुदड़ मंदिर अखाड़ा के ट्रस्ट के सदस्य एडवोकेट वेद प्रकाश चतुर्वेदी ने बताया कि प्राचीन श्री राम जानकी मंदिर का जीर्णोद्धार कार्य चल रहा है ट्रस्ट के अध्यक्ष तहसीलदार है। एसडीएम की देखरेख में मंदिर का लगातार कार्य चल रहा है। उन्होंने बताया कि मंदिर में 23 हेक्टेयर जमीन लगी है। इस जमीन से सालाना करीब 6 लाख रुपए आय होती है। मंदिर की व्यवस्थाओं एवं मंदिर के रखरखाव में राशि खर्च की जाती है, शेष राशि ट्रस्ट के खाते में जमा रहती है। उन्होंने बताया कि कलेक्टर पार्थ जायसवाल के विशेष प्रयास से एसडीएम राकेश शुक्ला द्वारा मंदिर के जीर्णोद्धार का कार्य प्रारंभ कराया गया है। श्री चतुर्वेदी के मुताबिक इस प्राचीन मंदिर को नया स्वरूप देने का प्रयास किया जा रहा है। अब तक करीब 15 लाख रुपए खर्च हुए हैं लेकिन यदि मंदिर के संपूर्ण जीर्णोद्धार में अधिक राशि की आवश्यकता होगी तो उसे खर्च किया जाएगा। इस निर्माण कार्य को किसी भी परिस्थिति में रोका नहीं जाएगा। शहर के बीचों बीच चौरसिया मोहल्ला में स्थित प्राचीन मंदिर नगर के लोगों की आस्था का केंद्र है यहां बड़ी संख्या में हर रोज श्रद्धालु आकर भगवान के दर्शन करते हैं। जीर्णोद्धार कार्य शुरू होने से धर्म प्रेमियों में भी खुशी है। लोगों का कहना है कि समय के अनुसार प्राचीन मंदिर के स्वरूप में भी बदलाव होना चाहिए।

# लापरवाही की पराकाष्ठा- कार चलाना सीख रहे राजीव जैन ने पहुंचाया कई दुकानदारों को भारी नुकसान, एक को किया घायल

**बेकाबू फोर व्हीलर चालक ने ठेले उड़ाए एक हुआ गंभीर घायल भोपाल रिफर, अनेक लोगों का हुआ नुकसान**





**राजेश बबेले**

परिहार गर्जना न्यूज। बीना (सागर)लापरवाही की पराकाष्ठा कार चलाना सीख रहे राजीव जैन ने पहुंचाया कई दुकानदारों भारी नुकसान एक को किया घायल,बेकाबू फोर व्हीलर चालक ने ठेले उड़ाए एक हुआ गंभीर घायल भोपाल रिफर,अनेक लोगों का हुआ नुकसान। गौरतलब है कि देर शाम सर्वोदय चौक बीना पर एक अनियंत्रित कार ने अग्रवाल स्वीट्स के सामने खड़े फलों के ठेलों को टक्कर मारती हुई, रविंद्र बबेले की आसपास की दुकान में अनियंत्रित होकर जा घुसी जिससे गंभीर दुर्घटना होने से बाल बाल बची किंतु इसी बीच अखिलेश पिता गया प्रसाद विश्वकर्मा सुभाष वार्ड उम्र 45 वर्ष कार की चपेट में



आने से गंभीर घायल हो गए जिन्हें शीघ्र ही सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें रेफर कर दिया गया जिन्हें परिजन एवं कार चालक सहित घायल को लेकर भोपाल रवाना हो गए ऐसा माना जा रहा है कि उनके पैर में चार फैक्चर आए हुए हैं। प्रत्यक्षदर्शी अरविंद पिता कैलाश भदोरिया ने बताया कि MP15 ZC7614 के कार चालक राजीव जैन ने अचानक अग्रवाल स्वीट्स की ओर से अनियंत्रित होती हुई गाड़ी ठेलों को चिरती हुई तीन दुकानों में तोड़फोड़ कर दी जिससे कई दुकानदारों का जहां नुकसान हुआ वहीं एक व्यक्ति गंभीर घायल हो गया। प्रश्न यह उठता है कि नगर में बिगर लाइसेंस धारी ए ऐसे भी लोग हैं जो चालक बने हुए हैं चाहे वह ऑटो चालक हो या फिर ई रिक्शा अधिकांश लोग चार पहिया वाहन दो पहिया वाहन बिगर लाइसेंस गाड़ियां दौड़ा रहे है जरूरी प्रशासन को चाहिए कि ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही करें।

## खजुराहो में युवाओं ने मनाया गौरव सिंह बघेल का जन्म दिवस

परिहार गर्जना न्यूज। खजुराहो। खजुराहो के जाने माने फिटनेस क्लब HR के पांच वर्ष पुर्ण होने पर क्लब में सर्वप्रथम सुन्दरकाण्ड का आयोजन रखा गया तत्पश्चात मतंगेश्वर सेवा समिति एवं दद्दा जी इंटरनेशनल कल्चर सेंटर के पंडित सुधीर शर्मा एवं उपस्थित युवाओं ने खजुराहो के भाजपा मण्डल अध्यक्ष गौरव सिंह बघेल ( विक्की भैया ) को केक खिलाकर उनके जन्मदिवस पर हार्दिक बधाइयाँ दी एवं उन्होंने कहा कि HR आधुनिक सर्व सुविधा युक्त एक ऐसा क्लब है जहाँ पर युवाओं एवं सभी के स्वास्थ्य को ध्यान में रखकर योग एवं मैडिटेशन पर विशेष ध्यान दिया जाता है फ्रांस के योग शिक्षक कृस्टियन, दद्दा जी इंटरनेशनल कल्चर सेंटर फ्रांस के सुरेंद्र गुप्ता परिवर्तन एनजीओ के गौरव शर्मा , केरला के आयुर्वेदिक एक्सपर्ट कृष्णा प्रसाद भाजपा नेता रविंद्र पाठक, वीरेंद्र सिगोत उपस्थित रहे।



# भाजपा कार्यकर्ता ने खुरई के पूर्व कांग्रेस विधायक के बेटे कपि चौबे पर धमकाने का आरोप लगाया

## एसपी को दी गई शिकायत में कॉल रिकार्डिंग भी सौंपी



परिहार गर्जना न्यूज। सागर। खुरई विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बम्होरी हुड्डा के भाजपा कार्यकर्ता संतोष तिवारी ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंच कर खुरई के पूर्व विधायक अरुणोदय चौबे के पुत्र यशोवर्धन चौबे उर्फ कपि चौबे द्वारा फोन पर धमकाने की शिकायत की है। शक्ति केंद्र टोली के सहसंयोजक संतोष तिवारी ने शिकायत के साथ फोन पर धमकी की काल रिकार्डिंग भी सौंपी है जिसमें बताया गया है कि कपि चौबे द्वारा उसे खोजा जा रहा है, परिजनों का पता ठिकाना पूछा जा रहा है, जेल भिजवाने और व्यवस्था करने का कहा जा रहा है।

भाजपा कार्यकर्ता संतोष तिवारी ने अपनी शिकायत में खुरई के पूर्व कांग्रेस विधायक और नवागत भाजपा नेता अरुणोदय चौबे तथा उनके पुत्र यशोवर्धन कपि चौबे के पुराने आपराधिक रिकॉर्ड का हवाला दिया है। एसपी सागर को की गई शिकायत में शिकायतकर्ता संतोष तिवारी द्वारा कहा गया है कि बम्होरी हुड्डा तह. बांदरी जिला सागर विधानसभा क्षेत्र खुरई का निवासी है तथा खेती का कार्य करता है। कल दिनांक 07.01.2025 दिन मंगलवार को शाम 4ः50 पर अनावेदक यशोवर्धन उर्फ कपि चौबे के फोन नम्बर 9425452854 से मेरे मोबाइल नम्बर 8959850072 पर कॉल आया था, संतोष ने ज्ञापन में बताया है कि यशोवर्धन चौबे ने फोन पर मेरे एवं मेरे परिवार व बच्चों के बारे में जानकारी ली और कहने लगा कि तुम गोविंद राजपूत के संबंध में बहुत वीडियो डाल रहे हो उनसे तुम्हें क्या दिक्कत है। तब मैंने कहा कि मुझे उनसे कोई दिक्कत नहीं है, और उनसे संबंध में वीडियो मैसेज सहज रूप से बिना किसी द्वेष भावना के डालता हूं। तब चौबे ने कहा कि तुम कभी जेल गये हो, और धमकाते हुये कहा कि अब तुम्हारी व्यवस्था किये देता हूं।

काल रिकार्डिंग के आधार पर शिकायतकर्ता द्वारा कपि चौबे पर आरोप लगाया गया है कि वह उसके परिवार को धोखे से कथा के बहाने खुरई में अपने स्थान पर बुलाकर हत्या करना चाहता है। वह उसके बच्चों व परिजनों का अपहरण करने के उद्देश्य से पता, ठिकाना जानना चाह रहा है और उस पर फर्जी मामले, झूठे प्रकरण में फसाने के उद्देष्य से मेरे विरूद्ध झूठी साजिष रच रहा है। तथा मेरे पूरे परिवार एवं बच्चों की जानकारी लेकर उन पर कोई घटना कारित करना चाहता है। भाजपा कार्यकर्ता तिवारी ने चौबे से खुद को जान का खतरा बताते हुए कहा कि पूर्व में भी मुझे वह जान से मारने की धमकी दे चुका है तथा काल रिकार्डिंग की बातचीत से यह भी स्पष्ट है कि फोन करते समय चौबे फोरलेन पर अपने साथियों के साथ आवेदक व उसके परिवारजनों को ढूंढकर उनके साथ आपराधिक वारदात करने निकला था।

शिकायत में बताया गया है कि आरोपी यशोवर्धन और उसके पिता अरूणोदय चौबे पूर्व में कांग्रेस पार्टी के दबंग नेता रहे हैं और इन दोनों पर भाजपा कार्यकर्ताओं पर हमला करने, उनके परिवारों को प्रताड़ित करने के अनेक गंभीर मामले दर्ज हैं। पूर्व में इन पर भाजपा के हमारे वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री स्व. सुधाकर राव बापट पर हमला करने का मामला भी रहा है। इन लोगों ने 2023 में सम्पन्न हुए विधानसभा चुनाव में मतदान के दिन ही अपने गृह ग्राम सिलगांव के पोलिंग बूथ में घुसकर फर्जी मतदान कराने के उद्देश्य से भाजपा के पोलिंग एजेंट का अपहरण कर हमला करके, पीटने और मरा समझकर फेंक देने की घटना कारित की थी। जिसकी एफआईआर खुरई ग्रामीण थाने 294, 323, 342, 506, 34 दिनांक 21/11/2023 को दर्ज की गई थी। शिकायत में चौबे पिता पुत्र पर अरूणोदय चौबे पर भी लोकसभा चुनाव 2018-19 के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं से साथ मारपीट, बलवा, हत्या एवं हत्या के प्रयास करने के मामले दर्ज होने की भी जानकारी दी गई है और कहा गया है कि राजनैतिक वर्चस्व एवं पूर्व विधायक बाहूबली आपराधिक प्रवत्ति के व्यक्ति हैं उनपर अनेकों आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं, और उनका आपराधिक रिकार्ड है, क्षेत्र में भय और आतंक है। कुछ समय से इन्होंने भारतीय जनता पार्टी में आकर भाजपा कार्यकर्ताओं को और तेजी से धमकाना शुरू कर दिया है। जिसका संज्ञान लिया जाना आवश्यक है, अन्यथा यह लोग गंभीर घटनाएं कारित कर सकते हैं।

शिकायतकर्ता ने यशोवर्धन चौबे के विरूद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज करने और जान माल की रक्षा करने की मांग की है। शिकायतकर्ता ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि कांग्रेस से भाजपा में आए यह तत्व भाजपा के मूल कार्यकर्ताओं को और भाजपा संगठन को नष्ट करने में लगे हैं, यह बात इस घटना से साबित हो रही है।

# कलेक्टर ने बनहट आंगनवाड़ी केंद्र का किया निरीक्षण

## बच्चों के साथ रंगीन रोटी एवं मुनंगे की सब्जी का लिया स्वाद




परिहार गर्जना न्यूज। सागर। कलेक्टर संदीप जी आर आज ने खुरई विकासखंड के ग्राम बनहट पहुंचकर आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया और बच्चों को परोसी जा रही रंगीन रोटी और मुनगे की सब्जी का स्वाद भी लिया।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर ने जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को पौष्टिक आहार वितरण करने के निर्देश दिए थे। जिसके परिपेक्ष्य में आज आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण करने पर मुनगे की सब्जी एवं रंगीन रोटी परोसी जाना पायी गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में पोष्टिक आहार वितरित किया जाए एवं प्रतिदिन रंगीन रोटी भी वितरित की जाए जिसमें चुकंदर, पालक सहित अन्य रंगीन सब्जियों का मिश्रण करें। इस अवसर पर जिला पंचायत के सीईओ विवेक के वी, एसडीएम रविश श्रीवास्तव, जनपद पंचायत सीईओ श्रीमती मीना कश्यप, जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद जैन, जिला परियोजना अधिकारी गिरीश मिश्रा, लोकमान चौधरी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# विश्वविद्यालय के कुश्ती खिलाड़ी अभिषेक यादव ने 'खेलो इंडिया' के लिए किया क्वालीफाई



परिहार गर्जना न्यूज। सागर. गुरु काशी विश्वविद्यालय भटिंडा के तत्वावधान में आयोजित अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय कुश्ती (पुरुष) प्रतियोगिता में डॉक्टर हरीसिंह गौर विवि के पहलवान अभिषेक यादव ने 57 किलो वेट कैटेगिरी में 5 विश्वविद्यालयों के पहलवानों को लगातार परास्त कर रेपीचैस राउंड में पहुंचकर जीत अर्जित की. फाइनल मुकाबला में चौथा स्थान प्राप्त करते हुए 'खेलो इंडिया' के लिए क्वालीफाई किया. शारीरिक शिक्षा विभाग के निदेशक डॉ. विवेक बी. साठे ने खिलाड़ी एवं कोच को बधाई दी. विभाग के डॉ सुमन पटेल, अनवर खान, विनय शुक्ला, डॉ मनोज जैन, दीपक दुबे, महेंद्र कुमार ने भी पहलवान अभिषेक को बधाई दी.

# प्राणियों को स्वच्छ प्राण वायु मिले यह हमारा प्रयास है निगमायुक्त

## सागर आज साफ, स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित शहर के रूप में राष्ट्रपटल पर उभर रहा है

सागर। सागर स्मार्ट सिटी कार्यालय में निगमायुक्त सह कार्यकारी निदेशक एवं सीईओ सागर स्मार्ट सिटी लिमिटेड राजकुमार खत्री की अध्यक्षता में नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम (राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम) की मासिक बैठक आहूत की गई। शहर में स्वच्छ वायु का स्तर बढ़ाकर नागरिकों हेतु और बेहतर गुणवत्ता की जलवायु उपलब्ध कराने के लिये किये जा रहे विभिन्न कार्यों की निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड, आरटीओ, पुलिस विभाग, नगर निगम एवं स्मार्ट सिटी के अधिकारीयों की उपस्थिति में समीक्षा की। उन्होंने कहा की शहर की वायु गुणवत्ता में सुधार लाने के लिये नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम अंतर्गत वायु गुणवत्ता निगरानी नेटवर्क का विस्तार करना, स्वच्छ तकनीकों को बढ़ावा देना, अपशिष्ट प्रबंधन को बेहतर बनाना, औद्योगिक वाहन और घरेलू उत्सर्जन को कम करना, शहर में वायु प्रदूषण के स्त्रोतों को पहचानकर उन पर कार्रवाई करना आदि विभिन्न स्तर पर कार्य कर वायु में मौजूद क्करू2.5 और क्करू10 पार्टिकल्स को कम करने के प्रयास किये जा रहे हैं। हमारा सागर आज देश के 100 स्मार्ट शहरों में से एक स्मार्ट शहर होने के साथ ही देश के चुनिंदा एनकैप शहरों में शामिल है। सागर स्मार्ट सिटी आज साफ, स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित शहर के रूप में अपने नये स्वरूप के साथ तेजी से राष्ट्रपटल पर उभर रही है। सागर के प्रत्येक रहवासी की उच्च जीवन गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुये नगर पालिक निगम एवं स्मार्ट सिटी द्वारा शहर की आवश्यक मूलभूत सुविधाओं को अत्याधुनिक तकनीकी का प्रयोग कर और बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। प्राणियों को स्वच्छ प्राणवायु मिले यह हमारी प्राथमिकता है। शहर की वायु को प्रदूषण से पूरी तरह मुक्त बनाने के लिये शासन की गाइडलाईन अनुसार आवश्यक हर पहलू पर बारीकी से विचार विमर्श कर रूपरेखा तैयार करने के बाद सिटी एक्शन प्लांन तैयार किया गया है और इसके अनुसार ही विकास कार्य किये जा रहे हैं। शहर में वाहनों की आवाजाही से उड़ने वाली धूल को कम करने के लिये रोडों का सीसी नवनिर्माण और बिटूमिन से पुनर्विकास किया जा रहा है। शहर की रोडो के किनारे दोनों ओर एंड टू एंड पेबर ब्लॉक लगाकर धूलमुक्त व स्वच्छ सुंदर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। सम्भवतः पीली कोठी घाटी पर चढ़ते समय वाहनों से अधिक धुआँ निकलता है, इस चौराहे के एक छोर पर कचराघर बने ब्लैक स्पॉट को समाप्त किया गया और विशाल आकार का एक सुंदर स्टेप फाउंटेन तैयार किया गया है यह फाउंटेन शहर के इस प्रमुख चौराहे की सुंदरता बढ़ाने के साथ ही चौराहे पर वाहनों से निकले धुए से प्रदूषण कण सोखने का कार्य करेगा और वायु को स्वच्छ बनाने में सहयोगी बनेगा। इसके साथ ही अन्य चौराहों, पार्को, रोड डिवाइडर व रोड के किनारे विभिन्न स्थलों पर भी फाउंटेन तैयार किये गये हैं इससे वायु प्रदूषण कम करने में सहयोग मिलेगा। शहर के प्रमुख जल स्त्रोत लाखा बंजारा झील में चकराघाट स्थित महाकवि पदमाकर मूर्ति के पास संचालित फाउंटेन चकराघाट से एलीवेटेड कॉरिडोर पर गुजरने वाले वाहनों के धुएँ से प्रदूषण कम करने का कार्य कर रहा है। लाखा बंजारा झील में विशाल म्यूजिकल फाउंटेन स्थापित किया गया है यह भी वायु गुणवत्ता को बेहतर बनाने के साथ ही झील के ऑक्सीजन लेवल को मेंटेन करेगा। शीतला माता मंदिर तिराहे के आस-पास घनी बसाहत है यहां के ब्लैक स्पॉट को समाप्त करने हेतू मोंगा की डीसिल्टिंग कर सफाई की गई और इस तिराहे पर अनावश्यक निर्माण अतिक्रमण आदि को हटाकर सुंदर पौधरोपण सहित पार्क, वॉटर फाउंटेन आदि का निर्माण किया जा रहा है। शहर में वाहनों के सुगम व निर्वाध आवागमन के लिये सड़कों का चौड़ीकरण व सभी चौराहों तिराहों का व्यवस्थित पुनर्विकास व नवनिर्माण किया जा रहा है। इससे वाहनों से होने वाले ट्रेफिक जाम की स्थिति समाप्त होगी और धूल व धुँआ से राहत मिलेगी। स्मार्ट सिटी द्वारा स्थापित इंटेलिजेंट ट्रेफिक मैनेज़मेंट सिस्टम के माध्यम से भी लगातार निगरानी कर वाहनों का सुगम आवागमन सुनिश्चित किया जा रहा है। निगमायुक्त श्री राजकुमार खत्री ने कहा की शहर में ई-व्हीकल्स की संख्या लगातार बढ़ रही है रहवासी इलेक्ट्रिक वाहनों में रूचि ले रहे हैं यह सागर की जलवायु पर्यावरण के लिये अच्छा है। पेट्रोल डीजल वाहनों की संख्या कम होने से धुआँ की समस्या कम होगी। पेट्रोल डीजल वाहनों का एक विकल्प सीएनजी वाहन भी हैं। हमारे द्वारा विभिन्न स्थलों पर इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन तैयर करने की रूपरेखा तैयार की गई है आने वाले समय में शहर के नागरिकों को ई चार्जिंग स्टेशन की सुविधाएँ आसानी से उपलब्ध होंगी। इससे इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा मिलेगा और वायुप्रदूषण के साथ ही ध्वनिप्रदूषण को भी कम किया जा सकेगा। प्रत्येक रहवासी उच्च जीवन गुणवत्ता के साथ जीवनयापन करने में सक्षम बने एक स्मार्ट शहर होने के नाते यह सागर नगर पालिक निगम एवं सागर स्मार्ट सिटी लिमिटेड सुनिश्चित करने हेतु सतत प्रयासरत है।

# और अस्त हो गया आंचलिक पत्रकारिता का ध्रुव तारा

## नहीं रहे आंचलिक पत्रकारिता के सिरमौर विष्णु दयाल श्रीवास्तव

**सौरभ खरे**

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। लगभग दो-ढाई दशक पहले बुंदेलखंड में आंचलिक पत्रकारिता, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का रूप ले रही थी। क्षेत्रीय चैनलों और दूरदर्शन के पैर गांव-गांव तक फैलने लगे थे। ऐसे में प्रिंट मीडिया पर संकट होना लाजमी था। टीकमगढ़ की प्रिंट मीडिया में अपने साहस और ईमानदारी के चलते यदि को कोई ध्रुव तारा की भांति चमक रहा था, तो वह नाम था विष्णु दयाल श्रीवास्तव। पुरानी टेहरी में जन्में विष्णु दयाल श्रीवास्तव एक जुझारू और निर्भीक पत्रकार कहे जाते रहे हैं। उन्होंने जिले में प्रिंट मीडिया को लोकप्रिय बनाए रखने में किसी प्रकार की कमी नहीं छोड़ी। क्षेत्र की चरमराई व्यवस्थाओं पर उन्होंने जहां अपनी कलम चलाई और काफी हद तक भ्रष्टाचार और धांधलियों पर अंकुश लगाने में कामयाब रहे।



उनकी पत्रकारिता ने युवाओं को जहां एक नई दिशा देने का काम किया, वहीं जंप संगठन का नेतृत्व करते हुए पीड़ित पत्रकारों को न्याय दिलाने में किसी प्रकार की कमी नहीं छोड़ी। पत्रकारों को एकजुट बनाए रखने और उनकी हरसंभव मदद करने में भी वह कभी पीछे नहीं रहे। मध्य प्रदेश के युवा पत्रकारों में उनकी अपनी अलग पहचान रही। वह संगठन में वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष रहे और अनेक मंचों पर सम्मानित भी हुए। हाल ही में जंप के प्रांतीय अधिवेशन में उन्हें सम्मानित किया गया। जहां श्री श्रीवास्तव ने पत्रकारों की समस्याओं पर अपने विचार रखे और पत्रकारों की समस्याओं पर चिंता भी जताई। वह भोपाल में भी राज एक्सप्रेस को अपनी सेवाएं देते रहे। पारिवारिक परेशानियों की बजह से वह पुन: टीकमगढ़ वापिस आ गए और देशबंधु में ब्यूरो के रूप में कार्य करने लगे। प्रिंट मीडिया के क्षेत्र में अपनी निर्भीकता और निष्पक्षता के कारण ही वह देशबंधु को जिले का लोकप्रिय समाचार पत्र बनाए रहे। देशबंधु ब्यूरो रहते हुए उन्होंने जिले की यूं तो अनेक बुनियादी समस्याओं पर रोशनी डाली और प्रशासन तथा जनप्रतिनिधियों का ध्यान अपेक्षित किया, वहीं वह शोसल मीडिया पर भी छाए रहे। जुआ, सट्टा और आईपीएल जैसी कुरीतियों पर उन्होंने लगातार कलम ही नहीं चलाई, बल्कि इस कुरीती को काफी हद तक कम कराने में सफलता पाई। श्री श्रीवास्तव जी की खबरों की धार और खबरों को कवर करने की क्षमता ने देशबंधु को एक नया मुकाम हासिल कराया। आंचलिक पत्रकारिता को उनकी कलम से क्षेत्र में एक नई दिशा मिली। यहां यह बताना जरूरी है कि उनकी धारदार कलम के कारण ही कई बढ़े-बढ़े सौदागरों के अरमान ठंडे पड़े। उनकी खबरों के कारण ही कई गरीबों को न्याय मिल सका। मुझे खूब याद है कि जब वह अपनी लेखनी चलाते थे, तो फिर यह कभी नहीं देखते थे कि इसका परिणाम क्या होगा। कई बार वह जोखिम भी उठाने से नहीं चूके। उनकी खबरों को देखकर के रोंगटे खड़े हो जाते थे। उन्होंने 7 जनवरी 2025 की रात लगभग 11 बजे अंतिम सांस ली। वह इस दुनिया को लगभग 52 वर्ष की उम्र में अलविदा कह दिया, लेकिन उनके द्वारा आंचलिक पत्रकारिता में दिए गए योगदान को इतिहास के सुनहरे पन्नों पर हमेशा याद किया जाएगा। उन्हें मेरी विनम्र श्रद्धांजलि

### *आज गुरूवार को होगा अंतिम संस्कार*

नागपुर में उपचार के दौरान मंगलवार को रात्रि 11 बजे श्री श्रीवास्तव के अंतिम सांस लेते ही टीकमगढ़ जिले के मीडिया जगत में सन्नाटा पसर गया। विष्णु दयाल श्रीवास्तव के निधन की खबर शहर में मातम सा छा गया। किंग्स वे अस्पताल में उपचार के दौरान उनके निधन से पत्रकार जगत में शोक छा गया। उनके पार्थिव शरीर को देर शाम नागपुर से टीकमगढ़ के लिए लाया जा रहा है। उनका अंतिम संस्कार आज गुरूवार को सुबह 10 बजे तक किए जाने की संभावना है। युवा पत्रकार के निधन पर शोक व्यक्त करने वालों का तांता सा लगा हुआ है। शोक व्यक्त करने वालों में अनेक राजनैतिक संगठनों के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, पत्रकार एवं समाजसेवी शामिल हैं।

# पर्यटकों को तीर्थ स्थली ओरछा आने में होती असुविधा, सड़कों को हो चौड़ीकरण

### भाजपा नेता विकास यादव ने दिल्ली में की केन्द्रीय मंत्री सिंधिया से मुलाकात

टीकमगढ़। बुंदेलखंड के साथ किस तरह से सौतेला व्यवहार किया जाता रहा है, इसका अंदाजा यहां के विश्व प्रसिद्ध तीर्थ स्थली ओरछा के अलावा अन्य पर्यटक क्षेत्रों को देखकर आसानी से लगाया जा सकता है। आवागमन के साथ ही पर्यटन क्षेत्रों के सौंदर्यीकरण को लेकर बरती जा रही उदासीनता के कारण बुंदेलखंड के टीकमगढ़ एवं निवाड़ी जिलों में सन्नाटा पसरा हुआ है। सौंदर्यीकरण एवं विकास की मुख्य धारा से कटे इन जिलों संकीर्ण सड़कों और स्थानों विश्व प्रसिद्ध धार्मिक व पर्यटन नगरी ओरछा के मार्गों का चौड़ीकरण कराने की माँग को लेकर मंगलवार को संचार भवन नई दिल्ली में भाजपा नेता विकास यादव ने केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया से मुलाकात कर माँग पत्र सौंपा है। मुलाकात के दौरान पलेरा नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष सुनील खटीक भी साथ रहे। माँग पत्र में श्री यादव ने केन्द्रीय मंत्री श्रीमंत सिंधिया को बताया कि निवाड़ी जिले में विश्व प्रसिद्ध धार्मिक व पर्यटन नगरी ओरछा स्थित है, जहाँ पर स्वयं श्री रामराजा सरकार विराजमान हैं। यहाँ प्रतिवर्ष लाखों की संख्या में देशी और हजारों की संख्या में विदेशी पर्यटक आते हैं। इसे यूनेस्को की स्थायी सूची में शामिल किया जाना हमारे प्रदेश के लिये गौरव की बात है। श्री यादव ने बताया कि ओरछा तिगैला (फोर लाईन) से श्री रामराजा मंदिर तक 7 किलो मीटर लम्बाई का यह मार्ग मात्र 7 मीटर चौड़ा है, जो राष्ट्रीय राजमार्ग 539 का हिस्सा है। इसमें दो जगह संकीर्ण पुलियाँ हैं, जिससे यहाँ कई घण्टों तक जाम लगा रहता है। इस मार्ग का डिवाइडर युक्त चौड़ीकरण कर इसे 10 मीटर किया जाना चाहिये। साथ ही झाँसी, सागर, भोपाल, ग्वालियर तरफ से ओरछा आने वाले श्रद्धालु व पर्यटक झाँसी, चकरपुर मार्ग से ओरछा आते हैं। यह मार्ग मात्र 3 मीटर चौड़ा हैं, इसके अलावा जेरोन से बासवान मार्ग, जिसकी लम्बाई 37 किलो मीटर है और जो निवाड़ी जिले का मुख्य मार्ग ही है, यह भी मात्र 3 मीटर चौड़ा है। उक्त मार्ग पर आयरन अयस्क का 3200 करोड़ रूपये लागत का प्रोजेक्ट भी खुल रहा है। इसलिये ओरछा में आवागमन को सुलभ बनाने एवं क्षेत्र के समुचित विकास की दृष्टि से इन सभी मार्गों का चौड़ीकरण कराया जाना अति आवश्यक है। जिस पर केन्द्रीयमंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शीघ्र ही नियमानुसार उचित कार्यवाही करवाने का भरोसा दिलाया है।



# श्रद्धांजलि- तुम्हीं सो गए दास्तां कहते-कहते....

## नहीं रहे जुझारू पत्रकार विष्णु दयाल श्रीवास्तव

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। प्रदीप खरे। बड़े ध्यान से सुन रहा था जमाना, तुम्हीं सो गय दास्तां कहते कहते... । अभी उम्र ही क्या थी। कुछ कर गुजरने की तमन्ना, अन्याय और अत्याचार से लड़ने की ललक...क्या नहीं था इस युवा पत्रकार में। जिसका नाम था विष्णु दयाल श्रीवास्तव। एक अलग ही रूआव और तेज लिए चेहरा लोगों में अपनी उपस्थिति का अहसास करा देता था। युवा पत्रकार लोकेन्द्र के साथ उनका अचानक घर आना और फिर दूसरे ही दिन बिना कुछ कहे ही इलाज कराने नागपुर चला जाना अब याद आ रहा है। जैसे उन्हें पहले ही अहसास हो गया था, कि अब नहीं मिलना है। कहते तो पहले भी थे, लेकिन डांटकर किसी तरह समझा दिया करता था। अभी कुछ दिन पहले ही पत्रकारों के साथ मौज-मस्ती करते हुए राजघाट बांध पर थे। चंद रोज पहले राजस्थान से सटे गुना जिले के आरोन में एक कार्यक्रम था। प्रदेश भर के नामी गिरामी पत्रकार जंप याने जर्नलिस्ट यूनियन ऑफ मध्यप्रदेश के बैनर तले एकत्रित हुए थे। यह एक तरह से इकाई का सालाना जलसा था और इस बहाने आज की पत्रकारिता में राष्ट्रवाद तथा सरोकारों पर अच्छी खासी चर्चा होना थी। आयोजन में मित्र और बड़े भाई राजेश बादल, संजय बैचेन से मुलाकात का आनंद निराला था। संगठन के राष्ट्रीय सचिव डॉक्टर नवीन जोशी और संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर अरुण सक्सेना समेत अनेक जिलों से आए संवाददाता और डिजिटल मंचों के पत्रकार भी उपस्थित थे। इनमें हमारी और विष्णु भाई की मुलाकात यादगार रही। चर्चा में सुधीर जी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सत्य ही ईश्वर है कथन के हवाले से मौजूदा पत्रकारिता से गुम हो रहे सच पर अपनी चिंता प्रकट की। वहीं राजेश बादल जी ने भी अपने संबोधन से सभी का दिल जीत लिया। उन्होंने एक यह सवाल उठाया कि आज़ादी से पहले पंद्रह बीस फ़ीसदी साक्षरता होते हुए भी सारे भारतीय आज़ादी के लिए एकजुट थे। उनमें न मज़हब के आधार पर कोई बंटवारा था और न जात पात के आधार पर। सारे लोगों का राष्ट्र को स्वतंत्र कराना ही एक मात्र उद्देश्य था। लेकिन आज संचार क्रांति के युग में लगभग अस्सी फ़ीसदी साक्षरता के बाद हम एक नहीं हैं। सियासत हमें बांट रही है। डॉक्टर नवीन जोशी ने जंप के सफरनामे का जिक्र किया और संगठन में धड़कते लोकतंत्र की सराहना की। डॉक्टर अरुण सक्सेना ने पत्रकार सम्मेलन के आयोजन की अलग ही शैली विकसित की है। चार सौ पत्रकारों की मेज़बानी कोई आसान काम नहीं है। ज्वार की गरम रोटियां, गुड़, दाल बाफ्ले और तिरासी किलो फलों का ढेर साफ़ करना पत्रकारों के लिए बड़ी चुनौती थी। जिसमें वह सफल भी हुए। हमने और बादल जी फलों के साथ चाय की चुस्कियों के साथ बनारसी दास चतुर्वेदी के नाम को कुंडेश्वर डाइट से हटाए जाने पर चिंता जाहिर की। उन्होंने कहा कि यदि ऐसा हुआ है तो गलत है। कुंडेश्वर पंडित चतुर्वेदी जी की कर्म स्थली रही है। भाई विष्णु श्रीवास्तव यूं तो हमारे बिना कभी यात्रा नहीं करते थे। कार्यक्रम कोई भी हो, मेरी मौजूदी शायद उन्हें अलग ही संतोष देती थी। लेकिन वह शायद जानते थे कि यह अनंत यात्रा है, जहां से लौटकर नहीं आना है और वह इस सफर पर अकेले ही निकल लिए...हमेशा के लिए।



# विगत छह वर्ष से पन्ना में जमें उप संचालक कृषि एपी सुमन दीमक की तरह खा रहे विभाग का बजट




**ऋषि मिश्रा**

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/पन्ना जिले में शासकीय कार्यालयों मे विभाग प्रमुख कई वर्षो से जमें हुए है, तथा पन्ना जिले की शांत प्रिय लोगो का गलत फायदा उठाकर व्याप्क स्तर पर भ्रष्टाचार मचाये हुए है, एवं शासन की विभिन्न योजनाओ तथा हितग्राहीयों को लाभ पंहुचाने के लिए संचालित अनेक योजना का बजट कागजो में दर्शाकर स्वंय ही हजम कर रहें है। जिले में जन प्रतिनिधि भी भ्रष्ट अधिकारीयों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं कराते है, जिससे उनका मनोबल बड़ा हुआ है, तथा अराजक स्थिती बनीं हुई है। शासन के नियम अनुसार तीन वर्ष से जमें सभी अधिकारी कर्मचारीयों को स्थानान्तरित करने का नियम लागू है, लेकिन उक्त नियम पन्ना जिले में नहीं चल रहा है, सिर्फ साठ गाठ एवं मनमानी के चलते पन्ना जिले में बीस बीस वर्ष से अधिकारी कर्मचारी जमें हुए है तथा पन्ना जिले को लूटने में लगें हुए है। उदाहरण के तौर पर किसान कल्याण कृषी विभाग में विगत छह वर्षो से जमें उप संचालक कृषी ऐ पी सुमन द्वारा पन्ना जिले के कृषी विभाग को दीमक की तरह खाने मे लगें हुए है, शासन द्वारा किसानो को अनेक प्रकार के योजनाए संचालित कर रखी है, लेकिन उक्त योजनाओं का लाभ किसानो को नहीं मिल रहा है, किसानो के लिए प्रत्येक वर्ष रवी तथा खरीफ फसल के उन्नत बीच वितरण करने के लिए भेजा जाता है, लेकिन उक्त बीज किसानो को नहीं दिया जाता है, मनमाने ढंग से बिल बाउचर बनाकर उसमें फर्जीवाडा कर दिया जाता है तथा लाखो का बजट हड़प लिया जाता है। इसी प्रकार कीटनाशक दवा एवं फसलो में डालने वाला उर्वरक सहित अनेक प्रकार की सामग्री किसानो के लिए भेजी जाती है, वह भी सिर्फ कागजो के बिल बाउचरो मे बनाकर भारी भ्रष्टाचार किया जाता है। कृषी फार्म भैसवाहीं तथा अजयगढ़ के लिए शासन द्वारा करोड़ो का बजट प्रत्येक वर्ष दिया जाता है तथा किसानो के लिए कृषी विभाग के माध्यम से सस्ते दामो मे ट्रैक्टरो से जुताई कराने का भी नियम लागू है, लेकिन उक्त योजना का लाभ भी किसानो को नहीं मिलता है इसके साथ ही कृषी फार्म भैसवाही तथा अजयगढ़ के नाम पर लाखो का बजट कर्मचारीयों एवं अन्य कार्यो में खर्च किया जाता है, लेकिन अधिकांश बजट कागजो तक ही सीमित है। पन्ना उप संचालक कार्यालय प्रांगण में विगत वर्ष आत्मा कार्यालय का भवन बनाया गया था, जो लंबी राशि से निर्माण हुआ था, लेकिन उक्त भवन अत्यन्त घटिया तथा गुणवत्ता पूर्ण बनाया गया जो अभी से अनेक स्थानो पर खराब हो गया है। क्योकि भवन निर्माण मे अधिक स्तर पर कमीशन खोरी तथा भ्रष्टाचार किया गया है। तथा कार्यालय प्रांगण मे बनाई गई सीसी सड़क के परखच्चे दो महीना के अन्दर ही उड़ गये, लेकिन अधिकारी जो स्वंय प्रतिदिन वहीं पर बैठते है उनके द्वारा कोई कार्यवाही नही की गई है। इस प्रकार कृषी उप संचालक द्वारा व्याप्क स्तर पर भ्रष्टाचार किया जा रहा है, स्थानीय लोगो ने संबंधित के खिलाफ जांच कर एवं कठोर कार्यवाही करने की मांग की है।

## मुख्य कार्यपालन अधिकारी को ग्राम पंचायतो में कार्यरत, चौकीदार, पंप ऑपरेटर भृत्य, एवं सफाई कर्मियों ने सौपा ज्ञापन

पन्ना/आउटसोर्स.अस्थाई. अंशकालीन,ग्राम पंचायत कर्मचारी संयुक्तमोर्चा म प्र. संघ जिला इकाई पन्ना के नेतृत्व में बीते दिवस जिले के समस्त ग्राम पंचायतो में कार्यरत, चौकीदार, पंप ऑपरेटर भृत्य, एवं सफाई कर्मियों ने शासन द्वारा निर्धारित न्यूनतम वेतन दिलाये जाने तथा पंचायत विभाग का चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी बनाये जाने हेतु मुख्यमंत्री मोहन यादव वा प्रहलाद पटेल पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री के नाम जिला पंचायत पन्ना के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को ज्ञापन सौपा है तथा विभिन्न मांगो का निराकरण कराये जाने का अनुरोध किया है। ज्ञात हो कि प्रदेश में 23 हजार ग्राम पंचायतो में लाखो की संख्या में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी चौकीदार, भृत्य, पंप ऑपरेटर, एवं सफाईकर्मी के पद पर काम करते है ग्राम पंचायत में इनकी नियुक्ति मध्यप्रदेश शासन के पंचायत विभाग के आदेश के तहत ग्राम सभाओ के माध्यम से की गई थी। लेकिन अभी तक इन कर्मचारियो के लिये निश्चित वेतनमान तक नही हुआ है। जबकि उक्त कर्मचारी अनेक वर्षो से ग्राम पंचायतो में काम कर रहें है। उन्हे ग्राम पंचायतो द्वारा दो हजार रूपये मानदेय दिया जा रहा है। जो की आज के मंहगाई के समय में बिलकुल कम है। समस्त कर्मचारीयों ने मानदेय बड़ाये जाने की मांग की है।

# गौ सेवा के नाम पर अवैध वसूली को लेकर तहसीलदार रैपुरा को सौंपा ज्ञापन

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/जिले की शाहनगर विकासखंड अन्तर्गत रैपुरा प्रखंड के विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने रैपुरा तहसील कार्यालय उपस्थित होकर प्रदेश के मुखिया मोहन यादव के नाम तहसीलदार रैपुरा चंद्रमणि सोनी को ज्ञापन सोपा है। जिसमें उन्होंने लेख किया है कि पन्ना जिले के पवई में स्थित आचार्य विद्यासागर गौसंरक्षण एवं संवर्धन समिति द्वारा क्षेत्र के भोले भाले किसानों से गौ सेवा के नाम पर अवैध वसूली की जाती है तथा गुनौर के कृषकों द्वारा फसल को नुकसान पहुंचा रहे गोवंश पशुधन को आचार्य श्री विद्यासागर गौ संरक्षण एवं संवर्धन समिति पवई में छोड़ा गया। जिसमें आचार्य श्री विद्यासागर गौसंरक्षण एवं संवर्धन समिति पवई के अध्यक्ष ज्ञानचंद जैन पवई द्वारा प्रति गोवंश पांच सौ रूपये शुल्क लिया जिसकी रसीद भी किसानों को प्रदान नहीं की गई जिसको लेकर गुनौर वा पवई के कृषकों ने आचार्य श्री विद्यासागर गौसंरक्षण एवं संवर्धन समिति पवई के अध्यक्ष ज्ञानचंद के द्वारा किये गये कार्य का विरोध किया। उक्त मामले में संबंधित गो सरंक्षण संवर्धन समिति के अध्यक्ष पर कठोर कार्यवाही की जाये।

## जिप सीईओ ने कार्यो में अनियमितता पर ग्राम रोजगार सहायक की संविदा सेवा समाप्त की

पन्ना/जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संघ प्रिय द्वारा कार्यों में अनियमितता एवं लापरवाही पर पन्ना विकासखण्ड की ग्राम पंचायत गिरवारा के रोजगार सहायक प्रमोद तिवारी की संविदा सेवा समाप्त करने की कार्यवाही की गई है। रोजगार सहायक द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना एवं अन्य कार्यों में अपने भाई एवं भाई की पत्नी के जॉब कार्ड बनाकर मजदूरी राशि 13 हजार 945 रूपए का नियम विरूद्ध तरीके से भुगतान किया गया। इस संबंध में कराई गई जांच में पाया गया कि रोजगार सहायक द्वारा जानबूझकर अपने सगे संबंधियों मां, भाई एवं भाभी को वित्तीय लाभ पहुंचाने के लिए कार्य स्वीकृत कराया गया। इसके अलावा बीएलओ के पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही एवं पद का दुरूपयोग कर मतदाता सूची में फर्जी नाम भी जोड़े गए। फर्जी जियो टैग कर दो आवास हितग्राहियों को 2 लाख 40 हजार रूपए का लाभ पहुंचाया गया, जबकि मौके पर आवास के सत्यापन पर आवास निर्मित नहीं पाया गया। इन दोनों आवासों की मजदूरी राशि 36 हजार 652 रूपए का भुगतान भी अन्य व्यक्तियों को किया गया था। सीईओ द्वारा जारी आदेश में रोजगार सहायक से कुल राशि 2 लाख 90 हजार 597 रूपए की वसूली के लिए भी आदेशित किया गया है।

# गरीब दलित किसान की मोटर केवल ले गये चोर

## अमानगंज पुलिस द्वारा नहीं की जा रही कार्यवाही

**दयाशंकर दीक्षित**

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/जिले के अमानगंज थाना अन्तर्गत ग्राम गड़ोखर के निवासी दलित किसान आवेदक सोनेलाल पिता अनन्दी चौधरी नें बताया कि विगत 20-21 दिसम्बर को रात्रि के समय अज्ञात चोर मोटर पंप तथा केबिल चुराकर ले गये, उक्त मोटर सिचाई के लिए गड़ोखर हार स्थित खजलहा तालाब के पास स्थित बोर में डली हुई थी। जब हम लोग वहां पर पंहुचे तो चोरो द्वारा मोटर की चोरी कर ली गई थी। उक्त मोटर की कीमत लगभग 35 हजार रूपये है, आवेदक नें उक्त संबंध में थाना अमानगंज में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन लगभग 15 दिन बीत जाने के बावजूद पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई है, और न ही अज्ञात चोरो को पकड़ने की दिशा मे प्रयास किये गयें है। ज्ञात हो कि अमानगंज थाना क्षेत्र में लगातार अपराध बढ़ रहें है तथा आम जनता परेशान है। अमानगंज थाना मे पदस्थ थाना प्रभारी की निष्क्रिय कार्य प्रणाली के चलते अपराधियों को होसले बुलंद है।

# विश्रामगंज रेंज स्मृति वन में अनुभूति कार्यक्रम संपन्न

## वन संरक्षक नरेश यादव तथा वनमंडला अधिकारी गर्वित गंगवार हुए शामिल




परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/वन विभाग एवं म. प्र. ईको पर्यटन विकास बोर्ड द्वारा आयोजित किए जाने वाले अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन उत्तर वन मंडल पन्ना की विश्रामगंज रेंज के स्मृति वन में आयोजित किया गया। जिसमें उत्कृष्ट विद्यालय के कक्षा 9 वी से 12 वी तक के छात्र-छात्राए, शिक्षक शिक्षिकाओं ने भाग लिया। अनुभूति कार्यक्रम में प्रेरक के रूप में इंद्रभान सिंह बुंदेला, अर्पित चौरसिया, आशा वर्मा और आदेश चौधरी उपस्थित रहें। कार्यक्रम के दौरान मुख्य वन संरक्षक छतरपुर वृत्त नरेश यादव तथा वनमंडलाधिकारी गर्वित गंगवार मुख्य रूप से शामिल हुए। इस दौरान प्रेरको द्वारा छात्र-छात्राओं एवं उपस्थित जनों को वन और वन्य प्राणी की महत्ता और उनके संरक्षण की आवश्यकता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारीयां दी गई। तथा उन्होने बताया कि वन में प्रकृति पथ भ्रमण, विभिन्न पेड़ पौधों, वन्यप्राणियों से संबंधित गतिविधियों से अवगत कराया। इस दौरान उपस्थित वन संरक्षक, वन वृत्त छतरपुर नरेश सिंह यादव, वन मंडल अधिकारी उत्तर वन मंडल गर्वित गंगवार, के द्वारा भी छात्र छात्रो, शिक्षकों एवं उपस्थित जनों को वनो के महत्व को बताते हुए कहा कि वनो के बिना जीवन संभव नहीं है, इस लिए वनो को बचाना हम सभी की जिम्मेवारी है, किसी भी प्रकार से वन एवं वन्य जीवो के साथ क्षेड़ छाड़ नहीं करना चाहीए। क्योकी प्रकृती का संतुलन इन्ही सभी चीजो से महत्वपूर्ण बना हुआ है, कार्यक्रम में अनेक लोग उपस्थित रहें, जिसमें मुख्य रूप से उप वन मंडल अधिकारी विश्रामगंज दिनेश सिंह गौर, उप वन मंडल अधिकारी पन्ना कृष्णा मरावी, वन परिक्षेत्र अधिकारी विश्रामगंज नितिन राजोरिया, एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## एस बी आई अधिकारी कर्मचारी वर्ग को पोष्टिक आहार भत्ता योजना तत्काल लागू की जावे:-डॉक्टर एम पी पान्डेय

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/म. प्र. राज्य पत्रित अधिकारी संघ के आजीवन सदस्य, जिला प्रवक्ता डॉक्टर एम पी पान्डेय नें जुगल किशोर जी मंदिर मे हमारे मैदानी संवाददाता को बताया कि आम जन की आवश्यकता अनुसार स्टेट बैंक कर्मचारीयों के बीच कार्य का बोझ बढ़ता जा रहा है, परन्तु इन्हे पोष्टिक आहार भत्ता न मिलने के कारण तमाम अधिकारी कर्मचारी वर्ग काफी परेशानी झेल रहें है। डॉक्टर पान्डेय नें विभिन्न संस्थाओं का प्रथक प्रथक अध्ययन करने के बाद मीडिया को बताया कि बेतनमान, ग्रेड पे, मंहगाई भत्ता, एक दम सीमित होने के साथ ही कर्मचारी अधिकारी वर्ग हर मौसम में थकें हुए दिखाई देते है, ऐसी स्थिती मे स्टेट बैंक कर्मचारीयों को आगामी नये वित्तीय वर्ष में प्रति दिवस के हिसाब से अतिरिक्त जोड़कर भत्ता दिया जाये।



# गॉव गॉव का सर्वे कर पहले उन हितग्राहियों को पीएम आवास का लाभ दिया जाए जिनके कच्चे मकान या झोपड़ी है- राज्यमंत्री श्री लोधी

**-केन -वेतवा नदी को हमारी व्यारमा नदी से जोड़ने की बनाई जा रही है योजना, घटेरा के पास बड़ा बांध बनाकर हर किसानों के खेतो में सिचाई के लिए पाईप लाईन से पहुंचाया जाएगा पानी**

**-मेगा शिविर में 172 हितग्राहियो को 1 करोड़ 13 लाख 43 हजार रुपये से अधिक राशि के हितलाभ प्रदान किये गये, तेंदूखेड़ा में मेगा शिविर संपन्न**




**राजकुमार दुबे**

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह 08 जनवरी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी का मानना है कि पंचायत स्तर पर शिविर लगाए जायें ग्राम के हितग्राहियों को चक्कर न लगाने पड़े। अभी तक 36 ग्राम पंचायतों में शिविर लगाए जा चुके है इसके अलावा नगर परिषद में 12 स्थनों पर शिविर लगाये गये है। मेगा शिविर जो गांव-गांव हितग्राही चिन्हित किए गए है। उनको हितलाभ वितरण किया जाएगा। आप सबकी सुख समृद्धि के लिए भाजपा सरकार लगातार काम कर रही है। डॉ. मोहन यादव सरकार ने कहा था कि लाड़ली बहनों के खातों में पैसा आएगा और हर माह बहनों के खाते में पैसे डाले जा रहे है। हमारी सरकार लाड़ली बहनों को प्रतिमाह 1250 रुपये देने का कार्य कर रही है, पहले विकास यात्रा में कहा था कि हमारी सरकार बहनों को 1000 रूपये प्रति माह देने का काम करेगी तो किसी को विश्वास नहीं हुआ था हमारी सरकार जो कहती है सो करती है। यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में एवं प्रदेश के मुखिया डॉक्टर मोहन यादव जी नेतृत्व में मध्य प्रदेश सरकार युवाओं, किसानों, महिलाओं और गरीबों के कल्याण के लिए संकल्पित है। इस आशय के विचार प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने जबेरा विधानसभा क्षेत्र के तेंदूखेड़ा में आयोजित जनपद स्तरीय मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान मेगा शिविर में व्यक्त किये । इस अवसर पर 172 हितग्राहियों को 1 करोड़ 13 लाख 43 हजार 900 रूपये के हितलाभ वितरित किये गये।


राज्यमंत्री श्री लोधी ने कहा डॉ. मोहन यादव की सरकार आम जनता की सरकार है। केन-वेतवा परियोजना बनाई गई है। जब मुख्य मंत्री जी जबेरा आए थे तो उस समय मैने मुख्यमंत्री जी से मांग की थी कि केन -वेतवा नदी को व्यारमा नदी से जोड़ा जाये। अब घटेरा ग्राम के आगे एक बड़ा बांध बनाएगें। जिससे हर किसानों के खेतों में पाईप लाईन से पानी पहुंचेगा। जिसकी कार्य योजना बन गई है। आने वाले समय में जबेरा विधान सभा का किसान खुशहाल होगा।

राज्यमंत्री श्री लोधी ने जनपद सीईओ एवं जिला पंचायत सीईओ से कहा पीएम आवास योजना के लिए पहले ग्रामों का निरीक्षण करें जो हितग्राही कच्चे मकान या झोपड़ी में रह रहे है उनके पहले आवास दिए जाने में प्राथमिकता दी जाए। जिला पंचायत सीईओ अर्पित वर्मा ने कहा जनकल्याण शिविर 26 जनवरी तक चलेंगे। जिनके कच्चे मकान या झोपड़ी बनी है उनको पहले प्राथमिकता दी जाएगीं। एसडीएम सौरभ गंधर्व ने कहा बी-वन का वाचन करके, नामांतरण के केस, फोती के केस जो भी राजस्व संबंधित आवेदनों का निराकरण तत्काल किया जाए। स्वागत भाषण जनपद पंचायत सीईओ मनीष बागरी ने दिया। राज्य मंत्री श्री लोधी ने महिला बाल विकास, नगर परिषद, राजस्व विभाग, वनविभाग, स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, जपनपद पंचायत विभाग, खाद्यविभाग, उद्यानिकी विभाग के पंडालो का निरीक्षण किया।

इस दौरान लाभांवित हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किये जिसमें पी.एम स्वनिधि योजना में 9 हितग्राहियों को 1,80,000 लाख, पुष्प क्षेत्र विस्तार में 4 हितग्राही, लाडली लक्ष्मी योजना 6 हितग्राही, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना 3 हितग्राही, गोद भराई कार्यक्रम 7 हितग्राही, स्वच्छ भारत मिशन 6 हितग्राही 72,000 हजार, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण 50 हितग्राही 70,93,500 लाख, जनकल्याण संबल योजना 8 हितग्राही 16,000,00 लाख, पेंशन योजना 34 हितग्राही 20,400 हजार, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन 12 हितग्राही 19,50,000 लाख, नलकूप 1 लागत 40,000,हजार, बायोगैस प्लांट 4 हितग्राही 88,000 हजार, गौमेत्री 1 हितग्राही एआई किट, पशुधन 1 हितग्राही 80,000 हजार, पशुपालन 2 हितग्राही 1,80,000 लाख,पट्टा वितरण 23 हितग्राही सहित 1,13,43,900 रूपये के हित लाभ वितरित किए गए। कार्यक्रम में सीईओ जिला पंचायत अर्पित वर्मा, नगर परिषद अध्यक्ष सुरेश जैन, जनपद अध्यक्ष तुलाराम यादव, मूरत सिंह, संतकुमार पाल, संग्राम सिंह, परमसिंह ठाकुर, लक्ष्मी नामदेव, सतेन्द्र जैन, चेतन जैन, वीरेन्द्र आचार्य, सुरेष पाल, राजेश यादव, सचिन बडकुल, सोमनाथ सोनी सहित गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, पंचायत प्रतिनिधि एवं हितग्राही मौजूद थे।

## लोकायुक्त ने 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा पटवारी

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह । सागर लोकायुक्त पुलिस की टीम ने बुधवार को एक पटवारी को 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। जिले के अभाना ग्राम पंचायत भवन में लोकायुक्त ने कार्यवाही करते हुये पटवारी गीतेश दुबे को पकडा है। ग्राम की रामसखी पटेल की शिकायत पर कार्यवाही की गयी है।



फरियादी ने बताया कि अभाना के पैतृक मकान के जाने का रास्ता खुलवाने के ऐवज में पटवारी गीतेश दुबे द्वारा 30 हजार रुपये की रिश्वत की मांग की गई थी, जिसकी शिकायत लोकायुक्त पुलिस सागर में की गई थी। लोकायुक्त सागर की उप पुलिस अधीक्षक मंजू सिंह ने बताया कि पुलिस महानिदेशक लोकायुक्त जयदीप प्रसाद जी के भ्रष्टाचार के विरुद्ध सख्त कार्रवाई किए जाने के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त सागर संभाग योगेश्वर शर्मा के मार्गदर्शन में लोकायुक्त इकाई सागर की ट्रेप कार्यवाही की गयी है ।कार्यवाही में निरीक्षक रंजीत सिंह, आरक्षक सुरेंद्र सिंह, राघवेन्द्र सिंह, आरक्षक गोल्डी पासी, आदेश तिवारी, चालक मदन एवं दो स्वतंत्र पंचसाक्षी की विशेष भूमिका रही।

# अभियान की सार्थकता यह मेरा उद्धेश्य-कलेक्टर श्री कोचर

## पुलिस की इमेज पॉजिटिव रहे कहीं किसी के साथ अन्याय न हो-पुलिस अधीक्षक श्री सोमवंशी

## कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने मीडियाजनों से की चर्चा









परिहार गर्जना न्यूज। दमोह 08 जनवरी। कोई भी चीज कलेक्टर केन्द्रित नहीं बनाएं, जब तक वह समाज केन्द्रित नहीं होगी यह समाज नहीं बदल पाएगा। कलेक्टर के जाने के बाद यदि यह चीजे बंद हो गई तो उससे असफल और खराब बात कुछ नहीं है, इसका मतलब यह है कि कलेक्टर ने अपनी महत्वाकांक्षा पूरी करने के लिए अभियान चलाया यह, मेरी महत्वाकांक्षा नहीं है इसलिए मैं सभी से कहता हूं कि आपको लगता है यह कलेक्टर का अभियान है, तो इसे तुरंत बंद कर दीजिए, जब यह जनता का अभियान होगा और कलेक्टर पीछे खड़ा होगा तभी इस अभियान की सार्थकता है, यह मेरा उद्देश्य है, हमारे जाने के बाद भी यह चीजें चलनी चाहिए। यह बात कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने आज सर्किट हाऊस पर आयोजित प्रेस वार्ता सहभोज कार्यक्रम में मीडियाजनों से चर्चा के दौरान कही।

कलेक्टर श्री कोचर ने कहा आप सभी 24 घंटे काम करने वाले लोग हैं, आपके परिवार के लोगों के आयुष्मान कार्ड बने या नहीं बने, बच्चों को छात्रवृत्ति मिल रही है या नहीं मिल रही है, आपको सरकार की पत्रकार बीमा योजनाओं का लाभ मिलता है या नहीं मिलता है, इसकी चिंता हमें करनी पड़ेगी। इस बार यदि हम कोई शिविर लगा सके जिसमें स्वास्थ्य परीक्षण, योजनाओं का लाभ, आपके बच्चों और परिवार जनों को मिल सके, क्योंकि पत्रकार 24 घंटे काम करने वाले लोग हैं, आप अपने परिवार को समय नहीं दे पाते हैं, आप 24 घंटे अपने काम में लगे हुए है, इसकी चिंता प्रशासन को करनी चाहिए आप सभी के लिए कलेक्ट्रेट में एक्सक्लूसिव शिविर लगाना चाहेंगे।

पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने कहा पुलिस से अलग-अलग व्यक्ति की अपेक्षाएं अलग-अलग होती है, हमारा प्रयास यही रहता है कि किसी भी एफ.आई.आर. या किसी भी मामले में जो इमेज प्रोजेक्ट हो रही है, वह न्याय की ही होनी चाहिए। उन्होंने कहा यदि कोई गंभीर सूचना आ रही है तो एक बार किसी जिम्मेदार अधिकारी से तस्दीक करा ले तभी उस चीज को व्हाट्सएप ग्रुप या अपने अन्य माध्यमों पर चलाएं क्योंकि यदि एक बार खबर चल जाती है, तो हम उस पर कितनी भी कार्रवाई कर ले वह सारी चीज उसके बाद होती है, उसकी जो प्रारंभिक रूप से सूचना चली जाती है, उसको बदल पाना बहुत मुश्किल होता है। इस अवसर पर जनसंपर्क अधिकारी वाई.ए. कुरैशी ने शासन की जनकल्याणकारी योजनाएं जो पत्रकारों के हित में है, के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

# कोर्ट के आदेश पर योगेश को सेवा दिलाने में नाकाम रहा प्रशासन

## -गोस्वामी समाज के लोगों ने प्रशासन के अधिकारियों के समक्ष जताया विरोध, मंदिर के गर्भगृह के सामने किया प्रदर्शन

## -दोपहर में डेढ़ घंटे बंद रहे मंदिर के पट, शाम को आधा घंटे पहले खुले दर्शन, गर्भगृह में राधाजी के दर्शन होने से श्रद्धालुओं को हुई परेशानी

**आलोक तिवारी**

परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा लाडली मंदिर बरसाना की स्व.हरवंश गोस्वामी की छह माह की सेवा को लेकर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। आज दोपहर मे डेढ़ घंटे मंदिर बंद रहा वही शाम को समय से पहले मंदिर के पट खोल दिए। लेकिन राधाजी के दर्शन गर्भग्रह के अंदर दूर से कराने के चलते श्रद्धालुओं को राधाजी के दर्शन नहीं हो पा रहे थे। दूसरी तरफ कोर्ट के आदेश पर स्व. हरवंश गोस्वामी के निकटतम संबंधी योगेश शर्मा को सेवा दिलाने पहुंचे एसडीएम गोवर्धन, सीओ गोवर्धन, तहसीलदार ने गोस्वामी समाज के लोगों से मंदिर परिसर व थाना परिसर में वार्ता करके समझने का प्रयास किया। लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो सका। अब गोवर्धन तहसील के सभी अधिकारी उच्चाधिकारियों से वार्ता करके कोर्ट के आदेश को किस तरह हल कराया जाए को लेकर देर शाम तक मंथन करते रहे। शांति व्यवस्था बनाने के लिए मंदिर में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।



बरसाना के विश्व प्रसिद्ध लाडलीजी मंदिर में हरवंश गोस्वामी की छह माह की सेवा को लेकर योगेश बनाम दाऊजी केस में महत्वपूर्ण फैसला अपर सिविल जज (जूनियर डिवीजन) न्यायालय 02 सत्यप्रकाश तिवारी ने दिया है कि जिसमें कोर्ट ने हरवंश गोस्वामी के पिता रामनारायण के सगे भाई गंगाधर की बेटी के नाती को योगेश व ब्रजराज को हरवंश गोस्वामी का निकटतम वंशज मानते हुए सेवा करने का अधिकार प्रदान किया है। साथ ही अन्य प्रतिवादी गणों को आदेशित किया है कि वे ठा. लाडलीजी महाराज की सेवा करने में किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं करेंगे। इस सबंध में कोर्ट ने एसओ बरसाना को योगेश शर्मा को मंदिर की सेवा हस्तानांतरण करने के आदेश दिए हैं। इसके बाद पुलिस की रिपोर्ट पर डीएम मथुरा ने एसडीएम गोवर्धन, सीओ गोवर्धन व तहसीलदार गोवर्धन को इस संबंध में कार्यवाही करने के आदेश दिए हैं कि योगेश शर्मा को सेवा दिलाई जाए।

लाडलीजी मंदिर की सेवा वर्तमान में सुरेश चंद गोस्वामी के परिवार के लोग कर रहे हैं। जबकि दाऊजी गोस्वामी ने अपनी सेवा की अवधि समाप्त होने पर अक्षय राम थोक के सेवायतों को हरवंश गोस्वामी के हिस्से की सेवा सौंप दी। उस समय पुलिस व एसडीएम के समक्ष तय हुआ था कि जो भी कोर्ट का आदेश ले आएगा उसको थोक के लोग सेवा सौंप देंगे।

अपर सिविल जज (जूनियर डिवीजन) न्यायालय 02 के न्यायधीश सत्यप्रकाश तिवारी के आदेश का पालन कराने के लिए आज दोपहर एसडीएम गोवर्धन नीलम श्रीवास्तव, सीओ गोवर्धन आलोक कुमार, तहसीलदार गोवर्धन मनीष कुमार, थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अरविंद निर्वाल मय पुलिस फोर्स के वहां पहुंचे। इस अवसर पर दोनों पक्षों के लोग मंदिर में उपस्थित रहे। गोस्वामी समाज के लोगों ने कहा कि सेवा कोई दूसरा नहीं कर सकता है। यह उनकी परम्परा है। हम किसी भी कीमत में सेवा नहीं देंगे। इसके बाद दोनों पक्षों के लोगों को थाना में वार्ता के लिए बुलाया गया लेकिन गोस्वामी समाज के लोग सेवा देने के लिए सहमत नहीं हुए। विवाद को देखते हुए आज सुबह 11 बजे से मंदिर के पट डेढ घंटे के लिए बंद रहे। वहीं थाने में हुई वार्ता के बाद मंदिर के सेवायतों ने लाडलीजी मंदिर के पट शाम को आधा घंटे पहले ही खोल दिए। इस दौरान मंदिर के दर्शन गर्भ गृह में होने से श्रद्धालुओं को राधाजी के दर्शन करने में परेशानी हुई।

### *ईंट से ईंट बजादेंगे किसी को सेवा नहीं देंगे, नंदगांव व वृंदावन के गोस्वामी भी आए समर्थन में*

बरसाना। कोर्ट के निर्णय के बाद बरसाना के गोस्वामी समाज के लोगों के समर्थन में आज नंदगांव व वृंदावन के गोस्वामी समाज के लोग लाडलीजी मंदिर व प्रशासनिक अधिकारियों से वार्ता के लिए पहुंचे। सभी गोस्वामी जनों ने कहा कि वे परम्परा के विरूद्ध कोई कार्य नहीं करेंगे। मंदिर प्रांगण में प्रदर्शन करने वालों में कृष्णा गोस्वामी, मोहनश्याम गोस्वामी, , ओम प्रकाश गोस्वामी , बलराम गोस्वामी, ध्रुवेश गोस्वामी , रासबिहारी गोस्वामी , कन्हैया गोस्वामी , भरत गोस्वामी, नीरज गोस्वामी, मुरारी गोस्वामी, दीपक गोस्वामी, मोंटू गोस्वामी आदि थे

### *मंदिर की सेवा पूजा विवादों के निपटारे को बने सर्वसमाज की कमेटी, लाखों के चढ़ावे के चलते हो रही है मर्यादाओं का उल्लंघन*

बरसाना। श्री लाड़ली जी महाराज मंदिर की सेवा-पूजा को लेकर एक बार फिर नया विवाद सामने आया है। सेवा-पूजा से जुड़े इन विवादों ने श्रद्धालुओं की भावनाओं को आहत किया है और मंदिर की गरिमा पर गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं।

मंदिर के संस्थापक और लाड़ली जी प्राकट्यकर्ता ब्रजाचार्य श्री नारायण भट्ट जी द्वारा स्थापित परंपराओं और मर्यादाओं का पालन न होने से न केवल बरसाना, बल्कि अष्टसाखियों के परिकर की पवित्रता और प्रतिष्ठा को ठेस पहुंच रही है। सेवा-पूजा की मर्यादा भंग करने के पीछे मंदिर पर चढ़ावे से होने वाली करोड़ों की कमाई को लेकर संघर्ष बताया जा रहा है। सेवायतों के बीच इस विवाद से मंदिर की गरिमा और परंपराओं का महत्व गौण होता दिख रहा है। परंपराओं की रक्षा के लिए समिति गठन की मांग कस्बेवासी कर रहे हैं। बरसाना और अष्टसाखियों के निवासियों ने जिला प्रशासन और नगर पंचायत से आग्रह किया है कि मंदिर की गरिमा, मर्यादा और परंपराओं को बहाल करने के लिए ब्रजाचार्य पीठ की अगुवाई में एक संचालन समिति का गठन किया जाए।


यह समिति सुनिश्चित करेगी कि सेवा-पूजा ब्रजाचार्य श्री नारायण भट्ट जी द्वारा स्थापित परंपराओं के अनुसार हो और किसी भी प्रकार के विवाद पर स्थायी रूप से विराम लगाया जा सके।

श्रद्धालुओं की भावनाओं का सम्मान आवश्यक,श्रद्धालुओं का कहना है कि मंदिर के विवाद न केवल उनके विश्वास को आहत करते हैं, बल्कि ब्रज की पवित्रता को भी प्रभावित करते हैं। लोगों ने मांग की है कि सेवा-पूजा के संचालन में पारदर्शिता लाई जाए और मंदिर की आय-व्यय का सार्वजनिक रिकॉर्ड तैयार किया जाए ताकि धनालोभ से जुड़े विवाद समाप्त हो सकें निष्कर्ष,श्री लाड़ली जी महाराज मंदिर ब्रजमंडल की सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान है। ऐसे में इसकी परंपराओं और मर्यादाओं को अक्षुण्ण बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। ब्रजाचार्य पीठ की अगुवाई में संचालन समिति के गठन से न केवल विवाद समाप्त होंगे, बल्कि मंदिर की गरिमा और श्रद्धालुओं की भावनाओं का भी संरक्षण होगा।

# एक्टर अर्पित नागर की मां से तहसीलदार ने की बदसलूकी

## मुंबई में एक्टिंग करने वाले इंदौर के रहवासी ने तहसीलदार पर बदसलूकी का लगाया आरोप

परिहार गर्जना न्यूज। इंदौर। तहसील कार्यालयों में नामांतरण और बंटाकन के लिए बाबू और तहसीलदारों पर लेन-देन के अब तक गंभीर आरोप लगते आए हैं, लेकिन कल कलेक्टर के सामने मुंबई में एक्टिंग करने वाले इंदौर के कलाकार अर्पित नागर ने आसानी से नामातरण के मामले में एक साल से परेशान बाबू तरुण द्वारा काम करवाने के नाम पर पैसों की मांग किए जाने की शिकायत मय सबूत दर्ज कराई। अब तक बिचौलियों के माध्यम से लेन-देन किए जाने की शिकायतें आती रही है, लेकिन कार्यालय में ही सीधे मांग किए जाने का मामला सामने आने पर कलेक्टर ने जांच के निर्देश दिए हैं।



बिचौली हप्सी तहसील में जमीन नामांतरण के लिए तहसीलदार से मिले फिल्म अभिनेता अर्पित नागर ने कल जनसुनवाई में आवेदन देते हुए कलेक्टर आशीषसिंह से शिकायत की कि धर्मेंद्र चौहान और उनके जमीन का नामांतरण आसानी से करवाने के लिए पैसों की मांग की गई। पैसे नहीं देने और कहासुनी होने पर उनकी मां मंजुला नागर के साथ अभद्र तरीके से धमकीभरे लहजे में बात करने की शिकायत भी दर्ज कराई गई। अभिनेता अर्पित ने बताया कि एक साल पहले जमीन नामांतरण के लिए आवेदन दिया था, जिसकी सुनवाई आज तक नहीं की जा रही थी, जिसे लेकर अचानक विभाग से बाबू तरुण का फोन आया और उन्हें बुलाया गया। लेन-देन की बात के दौरान अभिनेता के हाथ में मोबाइल देखकर उक्त कर्मचारियों को रिकार्डिंग का शक हुआ और वे अभद्रता पर उतर आए। मोबाइल छीनने के बाद दस रुपए का दंड लगाकर माफी मंगवाने तक की कार्रवाई की गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दो दिन पहले विवाद की स्थिति इस हद तक बढ़ गई थी कि बीचबचाव के लिए होमगार्ड के जवान तैनात किए गए थे।

# राइडर्स इन द वाइल्ड 3.0 - मध्यप्रदेश पर्यटन के ऑफ बीट डेस्टिनेशन प्रमोट करने बाइकर्स पहुंचे खजुराहो, मंदिरों की नक्काशी और कलात्मक भव्यता को सराहा

छतरपुर। प्रदेश में साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए बाइकिंग इवेन्ट %राइडर्स इन द वाइल्ड- 2025 (तृतीय संस्करण) 05 जनवरी से शुरू हो गया है। मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा संस्था मोस्टेच के सहयोग से आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार देर शाम को बाइक राइडर्स की टीम चंदेरी से टीकमगढ़ होते हुए खजुराहो पहुंची। खजुराहो पहुंचने के बाद बाइक राइडर्स की टीम ने यहां की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर का गहराई से अनुभव किया। टीम ने हैरिटेज वॉक के दौरान विश्व प्रसिद्ध खजुराहो मंदिरों की वास्तुकला और इतिहास को करीब से समझा। इस वॉक ने उन्हें मंदिरों की नक्काशी और कलात्मक भव्यता के साथ बुंदेलखंड के गौरवशाली अतीत से जोड़ा। बाइक राइडर्स की टीम ने खजुराहो की ऐतिहासिक धरोहर, कला और पर्यटक स्थलों को सराहा और जमकर तारीफ की।



### *आदिवर्त ट्राइबल म्यूजियम में देखी दुर्लभ वस्तुएं*

बाइक राइडर्स की टीम ने आदिवर्त ट्राइबल म्यूजियम का दौरा किया, जहां उन्होंने क्षेत्र के आदिवासी समुदायों की जीवनशैली, कला, शिल्प और परंपराओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। म्यूजियम में प्रदर्शित दुर्लभ वस्तुएं और आदिवासी संस्कृति ने सभी को बेहद प्रभावित किया।

### *लाइट एंड साउंड भी शो देखा*

बाइक राइडर्स की टीम ने लाइट एंड साउंड शो देखा, जो खजुराहो के मंदिरों के इतिहास और पौराणिक कथाओं को रोशनी और ध्वनि के जरिए जीवंत करता है। यह शो उनके लिए एक अनूठा अनुभव था, जिसने मंदिरों की कहानी को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। इन गतिविधियों के माध्यम से बाइक राइडर्स ने न केवल खजुराहो की ऐतिहासिक धरोहर को नजदीक से देखा, बल्कि बुंदेलखंड की समृद्ध संस्कृति को भी समझा।

### *28 बाइकर्स ले रहे भाग*

एमपी टूरिज्म बोर्ड के परियोजना प्रबंधक श्री बृज मोहन विश्वकर्मा ने बताया कि बाइकर्स खजुराहो भ्रमण के बाद पन्ना (मडला) के रास्ते सतना, रीवा एवं सीधी मार्ग से एमपीटी के परसिली रिसोर्ट पहुंचेगे, यहां वह वेयरफुट सेंड ट्रेक, वर्ड वॉचिंग, जंगल वॉक, मिलेट म्युजियम विजिट करेंगे। उन्होंने बताया कि राइडर्स इन द वाइल्ड 3.0 में इस वर्ष 28 बाइकर भाग ले रहे हैं, इनमें दो महिला बाइकर भी हैं। राइडर्स मुंबई, हैदराबाद, उदयपुर एवं राजस्थान से हैं। एमपीटीबी ने बाइकर्स रैली के साथ एक एंबुलेंस और डॉक्टर की टीम भी शामिल की है ताकि बाइकर्स को किसी भी तरह की स्वास्थ्य संबंधित असुविधा न हो।

# बकस्वाहा में पुलिस की नाकामी से अपराधियों का आतंक, अवैध कारोबार का खुला खेल



विनोद कुमार जैन

परिहार गर्जना न्यूज। बकस्वाहा, छतरपुर- बकस्वाहा थाना क्षेत्र में पुलिस प्रशासन की नाकामी और उदासीनता के कारण हालात दिन-प्रतिदिन बिगड़ते जा रहे हैं। ठंड के मौसम में चोरी और अपराधों का सिलसिला थमता नहीं दिख रहा, बल्कि इसमें और इजाफा हो रहा है। चोरी की घटनाएं अब आम बात हो गई हैं, जहां अपराधी न केवल वाहनों, घरों और मंदिरों को अपना शिकार बना रहे हैं, बल्कि हाल ही में महाकाली मंदिर में हुई चोरी और जैन समुदाय के रथ से कलश चोरी की घटना ने क्षेत्रवासियों की चिंताएं बढ़ा दी हैं। अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हो चुके हैं कि अब किसी भी स्थान पर चोरी करने से नहीं कतराते। अवैध कारोबारों की स्थिति भी और खराब हो चुकी है। अवैध शराब, गांजा, जुआ और सट्टा खुलेआम चल रहे हैं, और इस पर न तो पुलिस का कोई नियंत्रण है और न ही कोई कार्रवाई होती दिख रही है। इन अपराधों का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं, जिनमें बच्चे खुलेआम जुआ खेलते नजर आ रहे हैं। पुलिस का डर पूरी तरह से खत्म हो चुका है और अपराधी अब अपनी गतिविधियों को बेखौफ होकर अंजाम दे रहे हैं।

बकस्वाहा के लगभग 70 गांवों की 75,000 से अधिक की आबादी खुद को असुरक्षित महसूस कर रही है। जब बकस्वाहा मुख्यालय पर इस तरह के अपराध और अवैध कारोबार बढ़ रहे हैं, तो फिर ग्रामीण क्षेत्रों की हालत क्या होगी, यह सोचने का विषय है। बम्हौरी और नैनागिर पुलिस चौकियों की स्थिति भी कुछ अलग नहीं है। यहां भी अपराधियों का बोलबाला है और पुलिस बिना किसी कार्रवाई के अपना समय गंवा रही है।

मडदेवरा क्षेत्र में तो अपराधियों का मनोबल और भी बढ़ चुका है। यहां दिनदहाड़े हत्या की कोशिशें, लूट और हिंसक वारदातें हो रही हैं, और पुलिस को इसकी भनक तक नहीं लगती। हाल ही में एक शख्स ने पुलिस से शिकायत की थी, लेकिन कार्रवाई न होने के कारण उसका भतीजा अपराधियों के हमले का शिकार हो गया। अगर पुलिस समय पर एक्शन लेती, तो शायद यह घटना टल सकती थी। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि पुलिस का ध्यान केवल शहरी इलाकों पर ही रहता है, जबकि ग्रामीण इलाकों में हालात बेकाबू होते जा रहे हैं। लोग सवाल उठा रहे हैं कि पुलिस प्रशासन कब तक इन अपराधियों पर लगाम लगाएगा, या फिर यहां कोई बड़ी घटना घटित होने का इंतजार किया जाएगा?

यह साफ नजर आ रहा है कि अगर पुलिस प्रशासन ने इस गंभीर समस्या को हल करने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए, तो बकस्वाहा में अपराधों और अवैध कारोबारों का विस्तार और खतरनाक रूप ले सकता है। बकस्वाहा के नागरिक अब यह उम्मीद कर रहे हैं कि पुलिस इस गंभीर स्थिति को गंभीरता से ले और इसे नियंत्रण में लाने के लिए तत्काल कदम उठाए एसडीओपी बड़ामलहरा, रोहित अलावा का कहना है कि पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद है, और जो भी जानकारी हमें मिलती है, उस पर कार्यवाही की जाती है। हालांकि, यह सवाल उठता है कि क्या इस %मुस्तैदी% का प्रभाव जनता पर महसूस हो रहा है?

## एक सप्ताह में मैनपॉवर बढ़ाकर डब्ल्यूटीपी का कार्य जल्द पूर्ण करें - कलेक्टर

**-कलेक्टर ने नल जल परियोजना के कार्यों में गति बढ़ाने के दिए निर्देश**

**-समय सीमा में कार्य पूरा नहीं करने पर ठेकेदारों पर कार्यवाही के निर्देश**

**-कलेक्टर ने नल जल परियोजना गरौली के जल शोधन संयंत्र एवं सहानियां के एमबीआर का किया निरीक्षण**





छतरपुर। कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने बुधवार को नल जल गरौली मल्टी विलेज वॉटर सप्लाई परियोजना अंतर्गत ग्राम धौरी में निर्माणाधीन जल शोधन संयंत्र (डब्ल्यूटीपी) एवं सहानियां में बनाए जा रहे एमबीआर का निरीक्षण कर कार्य में प्रगति के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम नौगांव काजोल सिंह, जल निगम महाप्रबंधक एल.एल. तिवारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री जैसवाल ने ठेकेदार को कार्य में प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा एक सप्ताह के भीतर मैनपॉवर को बढ़ाएं ताकि कार्य को गति मिल सके। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि समय सीमा में कार्य पूर्ण नहीं करने पर ठेकेदार सहित अन्य सम्बंधित पर कड़ी कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी। कलेक्टर ने मैप के माध्यम से माह वार हो रही कार्य में प्रगति की समीक्षा की। कलेक्टर ने डब्ल्यूटीपी एवं एमबीआर के बारे में जानकारी लेते हुए परियोजना से नौगांव क्षेत्र के ग्रामों को मिलने वाले जल के बारे में जानकारी ली। इस परियोजना में 118 ग्रामों को तरपेड डैम से पानी मिलेगा। कलेक्टर ने प्रगति की जानकारी की नियमित रिपोर्टिंग करने एवं 15 जनवरी तक अतिरिक्त लेबर बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माणाधीन कार्यो में कैसकेड़ एरेटर, फ्लेश मिक्सर, फिल्टर बेड, रीसायकल सम्प, कार्यों में लगे रॉ मैटेरियल एवं पम्प हाउस से सहानियां एमबीआर तक जाने वाले पानी एवं पंप ऑपरेटर के बारे में जानकारी ली।

## मातगुवां पुलिस ने अवैध धारदार तलवार नुमा हथियार लेकर घूम रहे आरोपी को पकड़ा

**इस्टाग्राम पर अपलोड की थी बीडियो**

राकेश सिंह

परिहार गर्जना न्यूज। बिजावर/छतरपुर पुलिस द्वारा अवैध हथियार के विरुद्ध निरंतर कार्यवाही की जा रही है,सोशल मीडिया में अवैध हथियार का प्रदर्शन करने वाले आरोपियों की धरपकड़ जारी है इसी क्रम में बिजावर अनुभाग के थाना मातगुवां पुलिस द्वारा बीती रात्रि भ्रमण के दौरान थानाक्षेत्र के इकारा तिराहा के पास एक युवक के अवैध हथियार लेकर घूमने की सूचना प्राप्त हुई, पुलिस टीम मौके पर पहुँची। पुलिस को देखकर संदेही ने भागने का प्रयास किया जिसे रोककर पुलिस ने तलाशी ली आरोपी के पास से एक अवैध धारदार तलवार नुमा हथियार बरामद किया गया। अवैध हथियार जप्त कर अभिरक्षा में लिया गया। युवक द्वारा इंस्टाग्राम में अवैध हथियार सहित फोटो अपलोड की गई थी। थाना मातगुवां में अभियुक्त देवा अहिरवार पिता छिकोड़ीया अहिरवार निवासी ग्राम चौका के विरुद्ध आयुध अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। अभियुक्त को न्यायालय उपस्थित होने हेतु पाबंद किया गया। अवैध हथियार के विरुद्ध कार्यवाही निरंतर जारी है।उक्त कार्यवाही एसडीओपी बिजावर शशांक जैन के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी मातगुवां उपनिरीक्षक वीरेंद्र रैकवार के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक जयचंद्र,आरक्षक सत्यनारायण,सुभाष की मौजूदगी कार्यवाही की गई।




## कलेक्टर ने सीएम राइज स्कूल नौगांव का किया निरीक्षण

**-बिल्डिंग में फिनिशिंग कार्य बेहतर कराने के दिए निर्देश**

**-कलेक्टर ने बाउंड्री के ऊपर जाली लगाने के दिए निर्देश**

परिहार गर्जना न्यूज। छतरपुर। कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने बुधवार को नौगांव सीएम राइज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान नौगांव एसडीएम काजोल सिंह, तहसीलदार रंजना यादव, सीएम राइस उप प्राचार्य कृष्ण गोपाल शुक्ला सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने सीएम राइज विद्यालय के विभिन्न ब्लॉकों सहित कक्षों का निरीक्षण किया। साथ ही एंट्री लॉबी में चित्रकला, यूनिफॉर्म स्टोर रूम, परीक्षा कक्ष की गुणवत्ता जांची। जिसमें इको के सुधार के लिए कहा। उन्होंने नृत्य कक्ष देखा जिसमें लाइट की कम रोशनी होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए बेहतर लाइटिंग के निर्देश दिए। इसके अलावा फर्स सहित अन्य जगह पर बेहतर फिनिशिंग कार्य कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्टाफ रूम, फायर सेफ्टी पॉइंट्स, दिव्यागों और बॉयज टॉयलेट, गर्ल्स टॉयलेट के कार्य की भी गुणवत्ता चेक की। इसके साथ ही भोजन हॉल, पेयजल व्यवस्था, फर्नीचर स्टोर रूम, कैफेटेरिया रुम में लगे दरवाजे की गुणवत्ता चेक करते हुए स्कूल प्रबंधन को निर्देश दिए कि स्कूल हैंडओवर होने से पहले सभी प्रकार के कार्य को देखले ताकि कोई कमी न रह सके। कलेक्टर ने कंप्यूटर लैब, स्टीम लैब, पुस्तकालय रूम, पार्क में प्लांट्स और मल्टी पर्पस हॉल का निरीक्षण किया। जहां सीलिंग फैन लगाने के निर्देश दिए। तदोपरांत कलेक्टर श्री जैसवाल ने विद्यालय के ग्राउंड का निरीक्षण करते हुए निर्माणाधीन रनिंग ट्रैक को बेहतर ढंग से तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही जहां कम हाइट की बाउंड्री है उसके ऊपर के हिस्से पर जाली लगाने के निर्देश दिए। इसके बाद कलेक्टर विद्यालय के बच्चों से भी रूबरू हुए और कक्षा 7, 9 और 12 के विद्यार्थियों से विद्यालय के बारे में चर्चा करते हुए करियर के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन भी दिया।



**संपादक मंडल**

अजय परिहार सह संपादक 6232531835, दीपक रैकवार, प्रकाश कठल जिला ब्यूरोचीफ, कानूनी सलाहकार अरविन्द निरंजन एडवोकेट, विक्रम सिंह प्रबंध संपादक 7898634648

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक **रामबाबू सिंह परिहार** द्वारा फज्जू प्रिंटर्स शॉप नं.1 नगर पालिका कॉम्पलेक्स, सर्किट हाउस तिराहा, जवाहर रोड छतरपुर म.प्र.से मुद्रित कराकर कार्या.परिहार गर्जना सर्किट हाउस गेट जवाहर रोड छतरपुर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक-**रामबाबू सिंह परिहार**/ मो.नं.9406730853, 9755204916, 07682-358321